nt>

Title: Need to review the government policy in regard to the brick manufacturing industry.

श्रीमती जयाबहन बी. ठक्कर (वडोदरा) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक अति महत्वपूर्ण विाय की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। ग्रामीण इलाकों में, सैमी रूरल एरियाज में जो ब्रिक मैन्युफैक्चरर्स हैं, जो स्माल एंटरप्रिन्योर कहे जाते हैं, ब्रिक निर्माण करते हैं। जो नई पर्यावरण नीति है, उसमें सरकार द्वारा कई बदलाव किए गए हैं। उन बदलावों के तहत इन ईंट बनाने वाले छोटे एंटरप्रिन्योर्स को और निर्माताओं को अपनी-अपनी यूनिट्स में हाई टावर चिमनी लगाने के लिए कहा गया है। गांवों में सड़कों आदि की सहूलियतें नहीं हैं, ऊपर से इस नियम के कारण ये ब्रिक यूनिट्स बंद हो रही हैं और कई बंद हो चुकी हैं। इस वजह से कंस्ट्रक्शन्स के काम बंद हो गए हैं। इसके साथ ही इससे जुड़े हुए उद्योगों से जिन लोगों को काम मिलता था, वे उद्योग भी बंद हो गए हैं। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगी कि इस नीति को अगर रिव्यू करना पड़े, तो सरकार को करना चाहिए, क्योंकि ये छोटे-छोटे एंटरप्रिन्योर्स हैं, ब्रिक मैन्युफैक्चरर्स हैं, ये वह टावर नहीं लगा सकते हैं। इसलिए सरकार को उनके प्रति ध्यान देना चाहिए और इस पर विचार करे।...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It will not be recorded. Why are you speaking? Nothing will be recorded unless I permit.

*(Interruptions)**

*Not Recorded